भारत सरकार
अंतरिक्ष विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2206
गुरुवार, 07 अगस्त, 2025 को उत्तर देने के लिए

नाविक

2206. श्री येरम वेंकट सुब्बा रेड्डीः

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नाविक के माध्यम से 15 लाख सार्वजनिक और वाणिज्यिक वाहनों की, वास्तविक समय में लक्षित ट्रैकिंग की गई है;

(ख) यदि हाँ, तो विकसित और प्रमाणित मॉडलों की संख्या कितनी है तथा उपकरणों से सुसज्जित वाहनों की संख्या कितनी है;

(ग) क्या यह भी सच है कि 7 उपग्रहों को कक्षा में स्थापित किया गया है, लेकिन उनमें से कुछ काम नहीं कर रहे हैं;

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) एनवीएस-03, एनवीएस-04 और एनवीएस-05 को कक्षा में कब तक स्थापित किया जाएगा?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय
तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री
(डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

***

(क) जी हाँ।

(ख) वाहन डैशबोर्ड वेबसाइट के अनुसार 153 प्रमाणित मॉडल उपलब्ध हैं और 19.6 लाख वाहनों में वाहन ट्रैकिंग की सुविधा उपलब्ध है।

(ग) एवं (घ)

अब तक 11 उपग्रहों को कक्षा में स्थापित किया जा चुका है। वर्तमान में चार उपग्रह पीएनटी सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं, चार उपग्रहों का उपयोग एकतरफ़ा संदेश प्रसारण के लिए किया जा रहा है और एक उपग्रह को अपनी सेवा अवधि पूरी करने के बाद निष्क्रिय कर दिया गया है।

(ङ) एनवीएस-03 को 2025 के अंत तक प्रमोचित करने की योजना है। तत्पश्चात, छह महीने के अंतराल पर, एनवीएस-04 और एनवीएस-05 को प्रमोचित करने की योजना है।

****